## मॉडल - (03)

### विषय - व्यवसाय अध्ययन, कक्षा– 10वी

### विषय कोड–215

**समय : 3 घंटे** **पूर्णांक: 100**

---

**निर्देश–**

1. **सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।**
2. **प्रश्न कमांक 1 वस्तुनिष्ठ प्रश्न है। इसमें तीन खण्ड है। खण्ड (अ) बहुविकल्पीय प्रश्न, खण्ड (ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति तथा खण्ड (स) सत्य/असत्य प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न के लिए एक अंक आबंटित है।**
3. **प्रश्न कमांक 2 से 13 तक अति लघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित है।**
4. **प्रश्न कमांक 14 से 19 तक अति लघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित है।**
5. **प्रश्न कमांक 20 से 23 तक लघुउत्तरीय प्रश्नप है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित है। व विकल्प है।**
6. **प्रश्न कमाकं 24 एवं 25 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित है व विकल्प है।**
7. **प्रश्न कमांक 26 एवं 27 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित है व विकल्प है।**

**प्रश्न कमांक 1 (अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए –**

(i) व्यवसाय के सामाजिक उद्देश्यों में सम्मिलित हैं –

(अ) समाज के सामान्य कल्याण में योगदान

(ब) आर्थिक संसाधनों का सर्वोत्तम उपयोग

(स) ग्राहक सृजन

(द) लाभ कमाना

(ii) देश में भारी सामान को अधिक मात्रा में लाने ले जाने के लिए निम्न में कौन सा साधन उपयुक्त है –

(अ) रेल परिवहन (ब) सड़क परिवहन

(स) वायु परिवहन (द) जल परिवहन

(iii) एक थोक व्यापारी की मुख्य विशेषता है –

(अ) उत्पादों का विज्ञापन करना

(ब) माल को सस्ते दामो ंपर बेचना

(स) माल की विभिन्न किस्मों में व्यवहार करना

(द) उत्पादकों से माल क्रय करके फुटकर व्यापारियों को बेचना

(iv) विज्ञापन के इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों में सम्मिलित है –

(अ) होर्डिंग्स (ब) यान प्रर्दशनी

(स) इंटरनेट (द) पोस्टर

(v) एक व्यवसाय का चयन करने से पहले एक उद्यमी को निम्न बातें ध्यान में रखनी चाहिएः–

(अ) लाभ क्षमता (ब) जोखिम

(स) लाभ (द) उपरोक्त सभी

(vi) निम्न मे से कौन से प्रपत्र बैंक से धन निकालने के लिए मान्य नहीं हैः–

(अ) चेक (ब) निकासी पत्र

(स) व्यक्तिगत पहचान पत्र (द) ए.टी.एम कार्ड

(vii) संयुक्त हिन्दु परिवार के सदस्यों को कहते हैं –

(अ) साझेदार (ब) सदस्य

(स) सहभागी (द) स्वामी

(viii) वैयक्तिक विक्रय का अंतिम उद्देश्य है –

(अ) लोगों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाना

(ब) गुणवत्ता की वस्तुएं उपलब्ध कराना

(स) उपभोक्ताओं की अधिक संतुष्टि

(द) उत्पादों के विक्रय को बढ़ाना

## खण्ड (ब)

**रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

(i) बड़ी मात्रा में माल का क्रय तथा विक्रय करने वाला.............. कहलाता है।

(ii) संयुक्त हिंदु परिवार का दायित्व .................... होता है।

(iii) ऐसी वस्तुएं जिन पर आयात कर नही चुकाया गया है उन्हें ...............भंडारगृहों में रखा जाता है।

(iv) ...................... के जरिए प्रेषक या जनता को पहचान बताए बिना डाक प्राप्त की जा सकती है।

(v) सभी क्रियाऐं जो वस्तुओं व सेवाओं के प्रवाह को उत्पादक से उपभोक्ता की ओर निर्देशित करती है ............................ का भाग है।

## खण्ड (स)

**सत्य/असत्य बताइय –**

(i) जीवन बीमा में प्रीमियम एक मुश्त या वार्षिक किस्तों में दिया जा सकता है।

(ii) ट्रैफिक पुलिस द्वारा आम जनता को रूकने का संकेत देना संप्रेषण प्रक्रिया है।

(iii) भंडार गृह कोई भी रोजगार के अवसर उपलब्ध नहीं कराता है।

(iv) जल परिवहन पर खराब मौसम का असर नहीं पड़ता है।

(v) एक सेल्समैंन को किसी उत्पाद अथवा सेवा की बिक्री में विज्ञापन से कोई लाभ नहीं मिलता है।

(vi) विभागीय भंडार ग्राहकों की बड़ी संख्या की सुविधा के लिए आवासीय क्षेत्रों में ही होते हैं।

(vii) थोक विक्रेता विक्रय के लिए अनेक प्रकार की वस्तुएं थोड़ी–थोड़ी मात्रा में खरीदते हैं।

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 2 से 13 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित है।

प्रश्न 2 नौकरी की विशेषताएं लिखिए। (कोई दो)

प्रश्न 3 जल प्रदूषण के प्रभाव लिखिए (कोई दो)

प्रश्न 4 साझेदारी को परिभाषित कीजिए।

प्रश्न 5 बहुराष्ट्रीय कंपनियों के कोई दो उदाहरण लिखिए।

प्रश्न 6 रेल परिवहन के कोई दो लाभ लिखिए।

प्रश्न 7 शाब्दिक संप्रेषण का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 8 डाकघर की किन्हीं दो बचत योजनाओं के नाम लिखिए।

प्रश्न 9 नीलामी द्वारा बिक्री का क्या अर्थ है ?

प्रश्न 10 फुटकर विक्रेता की विशेषताएं लिखिए (कोई दो)

प्रश्न 11 भारत में बहुसंख्यक दुकानों का उदाहरण लिखिए। (कोई दो)

प्रश्न 12 जीविका को परिभाषित कीजिए।

प्रश्न 13 नेत्रहीन लोगों के लिए कौन सा विज्ञापन माध्यम प्रभावशाली सिद्ध होगा।

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 14 से 19 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित है।

प्रश्न 14 बाह्यस्त्रोकरण से क्या आशय है ?

प्रश्न 15 फुटकर विक्रेता के कार्य लिखिए। (कोई तीन)

प्रश्न 16 एक उद्यमी के कार्यों का वर्णन कीजिए। (कोई तीन)

प्रश्न 17 लेखाकार्य के लिए कौन से कौशल की आवश्यकता है ?

प्रश्न 18 उपभोक्ताओं को संरक्षण की आवश्यकता क्यों है ?

प्रश्न 19 स्थायी संपत्तियों के क्रय करने पर उपभोक्ताओं को कौन से प्रपत्रों को संभाल कर रखना चाहिए।

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित है। सभी प्रश्नों में विकल्प दिए गए हैं।

प्रश्न 20 व्यवसाय के किन्हीं दो सामाजिक उद्देश्यों का उल्लेख कीजिए।

अथवा

भारत ने विश्व के व्यापार में विशेष योगदान दिया है। इसके समर्थन में किन्हीं दो योगदानों का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 21 सीमित दायित्व साझेदारी की विशेषताएं लिखिए। (कोई दो)

अथवा

निजी कंपनी एवं सार्वजनिक कंपनी में अंतर लिखिए। (कोई चार)

प्रश्न 22 वायु परिवहन के लाभों का वर्णन कीजिए। (कोई चार)

अथवा

व्यवसायियों के लिए भंडारगृह के लाभ लिखिए (कोई चार)

प्रश्न 23 गैर शाब्दिक संप्रेषण के विभिन्न प्रकार लिखिए। (कोई चार)

अथवा

मनीऑर्डर व पोस्टल ऑर्डर में अंतर स्पष्ट कीजिए। (कोई चार)

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 24 व 25 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित है। सभी प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिये गये हैं।

प्रश्न 24 सहकारी बैंक का क्या अर्थ है ? भारत में सहकारी बैंकों के प्रकारों का वर्णन कीजिए।

अथवा

समुद्री बीमा की क्या उपयोगिता है। आयातकों और निर्यातकों के लिए उपयोगी समुद्री बीमा का उल्लेख कीजिए।

प्रश्न 25 फुटकर व्यापार की विशेषताओं का वर्णन कीजिए। (कोई पांच)

अथवा

ग्राहकों के लिए इंटरनेट शॉपिंग के लाभों की व्याख्या कीजिए। (कोई पांच)

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 26 से 27 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित है। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प दिये गये हैं।

प्रश्न 26 विज्ञापन के किन्हीं 3 उद्देश्यों का वर्णन कीजिए।

अथवा

विक्रय संवर्धन को परिभाषित कीजिए। विक्रय संवर्धन के क्या उद्देश्य है ?

प्रश्न 27 उपभोक्तावाद शिक्षा के अधिकार के रूप में उपभोक्ताओं को किन बातों की शिक्षा की आशा करनी चाहिए।

अथवा

विभिन्न उपभोक्ता अदालतों के अधिकार क्षेत्रों का वर्णन कीजिए।